# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली—

**प्रेस विज्ञप्ति** **12.10.2025**

**प्रेस नोट**

**थाना कांधला की महिला शक्ति टीम द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामलें में 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग से दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा दिनाँक 10.10.2025 को थाना कांधला पर लिखित तहरीर दी गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था

इसी क्रम में आज दिनाँक 12.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0 पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला की महिला शक्ति टीम द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता अभियुक्तः-**

1.मुकरीम पुत्र जाहिद निवासी ग्राम गढ़ी दौलत थाना कांधला जनपद शामली।



**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-**

दिनांक 10.10.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा/पौनिया मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.सावेज पुत्र फैय्याज निवासी ग्राम भैंसानी इस्लामपुर थाना थानाभवन जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 01 तमंचा/पौनिया मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर।



**थाना बाबरी पुलिस द्वारा 02 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी 01 मोटर साईकिल बरामदः-**

आज दिनाँक 12.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0 पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा 02 वाहन चोरो को चोरी की गयी 01 मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण द्वारा मोटर साईकिल को थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर क्षेत्र से चोरी किया गया है जिसके सम्बन्ध में थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर पर अभियोग पंजीकृत है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.रवि पुत्र मंगता राम निवासी ग्राम खेड़ामुगल थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।

2.राहुल पुत्र कुबेर पाल निवासी ग्राम खेड़ामुगल थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.चोरी की गयी मोटर साईकिल हीरो होण्डा सुपर स्पलेण्डर रजि0नं0 UP11S4425।



**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 12.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.मोबीन पुत्र नजीर निवासी ग्राम खेडी करमू थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.दिलशाद पुत्र बशीर निवासी हरेन्द्र नगर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।



**<u>साइबर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत साइबर सेवा केन्द्र, थानाभवन द्वारा 19,999/- रुपये की धनराशि वापस करायी गयी।</u>**

श्री कुलदीप पुत्र सोहनपाल निवासी ग्राम हाथी करौदा थाना बाबरी जनपद शामली से अज्ञात व्यक्तियो द्वारा ट्रेडिग करने के बहाने से धोखाधडी कर 1,35,281/- रुपये बैंक खाते से ट्रांसफर करा लिये थे। घटना के सम्बन्ध में दिनाँक 01.10.2024 तो थाना बाबरी पर मु0अ0सं0 121/2025 धारा 318(4) बीएनएस व 66D IT ACT पंजीकृत किया गया था। अभियोग की विवेचना थाना थानाभवन पुलिस द्वारा की जा रही थी।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी साइबर/थानाभवन श्री जितेन्द्र कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर सेवा केन्द्र, थानाभवन द्वारा कार्यवाही करते हुए फ्राड व्यक्ति के बैंक अकाउंट को डेबिट फ्रीज कराते हुए 19,999/- रुपये की धनराशि आवेदक के खाते में वापस करायी गयी है। शेष धनराशि की बरामदगी व अभियुक्तगण के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।



**साइबर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत साइबर सेवा केन्द्र, कोतवाली शामली द्वारा 50,000/- रुपये की धनराशि वापस करायी गयी।**

मौहम्मद इमरान पुत्र मौहम्मद यासीन निवासी गुलशन नगर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा फ्रॉड़ कर कर 58,000/- रुपये बैंक खाते से ट्रांसफर करा लिये थे। घटना के सम्बन्ध में आवेदक द्वारा साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री अमरदीप मौर्य के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर सेवा केन्द्र, कोतवाली शामली द्वारा कार्यवाही करते हुए फ्राड व्यक्ति के बैंक अकाउंट को डेबिट फ्रीज कराते हुए 50,000/- रुपये की धनराशि आवेदक के खाते में वापस करायी गयी है। शेष धनराशि की बरामदगी के सम्बन्ध में साइबर सेवा केन्द्र थाना कोतवाली शामली पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।



**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**